हरकोर्ट बटलर
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर, उ0प्र0

पृष्ठ सं0 ..................

# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभाग / विभागः **शैक्षिक अनुभाग** पत्रावली सं0 ..........................................

दिनांकः ..................................

**मा0 कुलपति महोदय**

कृपया विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक सितम्बर 18, 2023 को ऑफलाइन / ऑनलाइन सम्पन्न 17वीं बैठक के कार्यवृत्त पत्रावली के दाई ओर संलग्न है।

अतः उक्त कार्यवृत्त आपके अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

18.09.2023

Prof. Anand Kumar
Dean of Academic Affairs
HBTU, Kanpur

Approved.
18/9/2023

DCAAs

कुलपति
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर-2

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक सितम्बर 18, 2023 को अपरान्ह 02:00 बजे सम्पन्न 17वीं बैठक का कार्यवृत्तः**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 17वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अन्नावि दिनेशकुमार, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 3. | प्रो0 अरूण मोहन शेरी, निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 4. | प्रो0 वन्दना सहगल, प्राचार्य/अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग, लखनऊ प्रतिनिधि मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 5. | प्रो0 जे0 रामकुमार, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 6. | प्रो0 अनिल वर्मा, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 आर0एस0 यादव, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 8. | प्रो0 विशाल वर्मा, डी0टी0यू0, दिल्ली। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 9. | प्रो0 कृष्णराज, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 रीना सिंघल, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 नरेन्द्र कोहली, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 सुनील कुमार, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 अरूण मैथानी, अधिष्ठाता, उद्भवन हब एवं विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 यदुवीर सिंह, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 रामनरेश, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं प्रभारी केन्द्रीय पुस्तकालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 दिप्तीक परमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | प्रो0 ए0के0 संखवार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 आशीष कपूर, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | प्रो0 इन्दिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | डा0 पी0के0एस0 यादव, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | प्रो0 वी0के0 यादव, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | प्रो0 राम औतार, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | डा0 सी0एन0 सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 29. | डा0 आशीष त्रिवेदी विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग (एस0ओ0ई0 एण्ड एम0) एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 30. | डा0 ललित कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0 एवं सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 31. | श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 32. | डा0 विनय प्रताप सिंह, प्रभारी कार्यशाला, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 33. | प्रो0 अनिता यादव, प्रभारी, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 34. | प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 2. | प्रो0 बी0आर0 गुर्जर, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |
| 3. | निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 सी0एल0 गहलौत, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

विद्या परिषद् के सदस्य–सचिव द्वारा ऑफलाइन / ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से हो रही परिषद् की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष, विद्या परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

मा0 कुलपति द्वारा विद्या परिषद् के समस्त सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया गया कि सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय के 84 प्रतिशत (कुल अर्ह 576 छात्रों में से 484) छात्रों को 77 कम्पनियों द्वारा सेवायोजन प्रस्ताव दिया गया है। लगभग 10 प्रतिशत अर्ह छात्रों को एक से अधिक सेवायोजन प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसमें 06 पी0पी0ओ0 हैं। विगत बैठक में विद्या परिषद् द्वारा दिये

गये निम्नवत् मार्गदर्शन अनुरूप कृत कार्यवाहियों के परिणाम स्वरूप शैक्षिक सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश में वृद्धि हुई है:

1. प्लास्टिक टेक्नोलॉजी, पेन्ट टेक्नोलॉजी, आयल टेक्नोलॉजी, फूड टेक्नोलॉजी, बायोकेमिकल इंजी0, लेदर टेक्नोलॉजी के नाम परिवर्तित कर केमिकल टेक्नोलॉजी (प्लास्टिक टेक्नोलॉजी), केमिकल टेक्नोलॉजी (पेन्ट टेक्नोलॉजी), केमिकल टेक्नोलॉजी (आयल टेक्नोलॉजी), केमिकल टेक्नोलॉजी (फूड टेक्नोलॉजी), केमिकल टेक्नोलॉजी (बायोकेमिकल इंजी0), केमिकल टेक्नोलॉजी (लेदर टेक्नोलॉजी) किये जाने के फलस्वरूप इन विधाओं की सारी सीटें भर गई हैं।
2. स्नातक प्रवेश हेतु 10+2 के स्तर पर अर्हता में कुल 05 प्रतिशत की कमी किये जाने से 48 और छात्रों द्वारा प्रवेश लिया गया।
3. वर्तमान शैक्षिक सत्र 2023–24 में अन्य प्रदेश के 20 छात्रों द्वारा प्रवेश प्राप्त किया गया है।
4. विश्वविद्यालय द्वारा नैक एक्रीडिटेशन में प्राप्त किये गये ग्रेड ए+ से प्रभावित हो कर भी नये छात्रों द्वारा प्रवेश प्राप्त किया गया है।
5. एम0बी0ए0 और बी0बी0ए0 की लगभग सभी सीटें भर गई हैं।

विगत बैठक में विद्या परिषद् द्वारा तृतीय वर्ष के छात्रों को स्पेशल कैरी ओवर की दी गई अनुमति के फलस्वरूप 127 छात्र लाभान्वित हुये हैं जो कि प्लेसमेन्ट हेतु योग्य हो गये हैं।

विगत बैठक में जैसा कि सूचित किया गया था विश्वविद्यालय द्वारा रिक्त 43 शिक्षक/अधिकारियों के पदों को सीधी भर्ती हेतु विज्ञापित किया गया तदोपरान्त दिनांक 20/08/2023 को सम्पन्न स्क्रीनिंग टेस्ट उपरान्त दिनांक 09–17 सितम्बर, 2023 के मध्य साक्षात्कार सम्पन्न हो चुके हैं। चयन समिति की संस्तुतियॉं दिनांक 19 सिम्बर, 2023 को सम्पन्न होने वाली कार्य परिषद् के समक्ष रखी जायेगी।

विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह दिनांक 29 सितम्बर, 2023 को होना निर्धारित है जिसकी अध्यक्ष, कुलाधिपति एवं मा0 राज्यपाल महोदया होंगी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 के0के0 पन्त, निदेशक, आई0आई0टी0 रूडकी होंगे। दीक्षान्त समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग 710 छात्रों को उपाधि वितरित की जायेगी तथा 43 छात्रों को कुलपति मेडल तथा 03 छात्रों को कुलाधिपति मेडल प्रदान किये जायेंगे।

**मद सं0 17.01** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 12.07.2023 को सम्पन्न 16वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 12.07.2023 को सम्पन्न 16वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 17.02** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 12.07.2023 को सम्पन्न 16वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 12.07.2023 को सम्पन्न 16वीं विद्या परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही के विवरण पर अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही परिषद् ने मद सं0 16..02 में विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग में बी0एस0 (Physics of Advanced Materials and Devices) नवीन पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव आगामी विद्या परिषद् की बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

**मद सं0 17.03** **विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग के एम0टेक0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग के एम0टेक0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति पर विचार विमर्श करनें के उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही अन्य विभागो मे एम0टेक0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति पर मद सं0 17.07 के अनुसार एकरूपता लाने के निर्देश दिये।

**मद सं0 17.04** **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में प्रारम्भ हुये नवीन पाठ्यक्रम के छात्रों को अनुक्रमांक निर्गत किये जाने एवं अनुमोदित इनरोलमेन्ट टेबल संशोधनोपरान्त परिषद् के विचार/अनुमोदन किये जाने सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में प्रारम्भ हुये नवीन पाठ्यक्रम के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम हेतु विधा कोड **[E&M(Managment-38)]** एवं गणित विभाग द्वारा प्रारम्भ नवीम पाठ्यक्रम **BS-MS (Mathematics and Data Science)** हेतु विधा कोड **(BS-MS-37)** आंवटित किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

**मद सं0 17.05** **विश्वविद्यालय के बी0टेक0 (द्वितीय वर्ष) में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार किये गये नये पाठ्यक्रम को पढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के बी0टेक0 (द्वितीय वर्ष) में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार किये गये नये पाठ्यक्रम को पढ़ाये जाने के सम्बन्ध में निम्न निर्णय लिये:–

1. बी0टेक0 द्वितीय वर्ष के अनुत्तीर्ण छात्र–छात्रायें वर्तमान में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार किये गये पाठ्यक्रम को पढ़ेंगे तथा प्रथम वर्ष के शेष दो कोर्स को आगामी वर्षो में पूर्ण करेंगे।
2. बी0टेक0 द्वितीय वर्ष के अनुत्तीर्ण छात्र–छात्रायें केवल पुनर्प्रवेश (Re-admitted) के रूप में ही पंजीकृत किये जायेंगे तथा उन्हें केवल रू0 25,000/– की टोकन शुल्क एवं परीक्षा सम्बन्धी शुल्क देय होगा। ऐसे छात्रों को Ex-student के रूप में पंजीकृत नहीं किया जायेगा।
3. अनुत्तीर्ण छात्र–छात्रा के पुनर्प्रवेश (Re-admitted) के उपरान्त केवल अनुत्तीर्ण विषयों (PCP) की परीक्षा दिये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही उत्तीर्ण विषयों के अंको में सुधार (Improvement) हेतु छात्र–छात्राओं द्वारा पूर्व में उत्तीर्ण विषयों की परीक्षा भी दी जा सकेगी।
4. प्रथम तथा द्वितीय वर्ष में अधिक संख्या में अनुत्तीर्ण (Year Back) छात्रों के दृष्टिगत स्पेशल कैरीओवर परीक्षा कराये जाने पर परिषद् ने अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा छात्रहित में यह परीक्षा शीध्र–अतिशीध्र कराये जाने के निर्देश दिये, जिससे छात्रों को उक्त का लाभ प्राप्त हो सके।

**मद सं0 17.06** **विश्वविद्यालय के अधीन स्व–वित्तपोषित नवीन स्कूल ऑफ इन्टप्रोन्योर्सशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के अधीन स्व–वित्तपोषित नवीन स्कूल ऑफ इन्टप्रोन्योर्सशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति पर विचार–विमर्श किये जाने के उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही एम0बी0ए0 के द्वितीय वर्ष एवं बी0बी0ए0 के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के कोर्स विन्यास भी संपूर्णता से तैयार कर आगामी विद्या परिषद् की बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

**मद सं0 17.07** **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्वति के सम्बन्ध में।**

परिषद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्वति पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 17.08** **विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागो में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम में छात्रों के रूझान में कमी के दृष्टिगत प्रवेश हेतु सीटों की संख्या में कमी के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागो में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम में छात्रों के रूझान में कमी के दृष्टिगत प्रवेश हेतु सीटों की संख्या में कमी करते हुए निम्नवत प्रवेशित सीटों पर शैक्षिक सत्र 2024–25 से प्रवेश लिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

| क्रम सं0 | विभाग | प्रवेशित सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 | 15 |
| 2. | सिविल इंजी0 | 10 |
| 3. | इलेक्ट्रोनिक्स इंजी0 | 10 |
| 4. | इलेक्ट्रिकल इंजी0 | 10 |
| 5. | मैकेनिकल इंजी0 | 10 |
| 6. | केमिकल इंजी0 | 10 |
| 7. | बायोकेमिकल इंजी0 | 10 |
| 8. | फूड टेक0 | 10 |
| 9. | आयॅल टेक0 | 10 |
| 10. | पेन्ट टेक0 | 10 |
| 11. | प्लास्टिक टेक0 | 10 |
| | कुल | **115** |

**मद सं0 17.09** **विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 छात्रों के लिये यू0जी0सी0 गजट 2022 के अनुसार शोध सलाहकार समिति के गठन हेतु प्रस्ताव।**

परिषद् ने विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 छात्रों के लिये यू0जी0सी0 गजट 2022 के अनुसार छात्र शोध सलाहकार समिति [Student Research Advisory Committee (SRAC)] के गठन हेतु प्रस्तावित समिति में संशोधन करते हुये निम्नवत समिति गठन किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया:

1. सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्ष — अध्यक्ष
2. विभाग के एक आचार्य/सह आचार्य — सदस्य
3. दो विषय सम्बन्धी वाहय विशेषज्ञ (कुलपति द्वारा नामित) (जो विश्वविद्यालय से सम्बद्ध नहीं हो) — सदस्य
4. शोधार्थी के पर्यवेक्षक — सदस्य–सचिव

समिति की बैठको में दो वाहय विषय विशेषज्ञों में से कम से कम एक सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य होगी। यह भी निर्णय लिया गया कि छात्र शोध सलाहकार समिति द्वारा शोध प्रबन्ध को जमा करने की संस्तुति के उपरान्त शोध छात्र विश्वविद्यालय की रिसर्च डिग्री कमेटी (RDC) के समक्ष प्रस्तुतीकरण करेगा, जहाँ शोध प्रबन्ध को जमा करने पर अन्तिम निर्णय लिया जायेगा।

मद सं0 17.10 **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं यू0जी0सी0 गजट 2022 के अनुसार संशोधित कर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं यू0जी0सी0 गजट 2022 के अनुसार पुनः संशोधन करते हुये अध्यक्ष विद्या परिषद् एवं मा0 कुलपति महोदय को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया।

मद सं0 17.11 **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्थिति का ब्यौरा।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्थिति का ब्यौरा पर संतोष व्यक्त किया तथा परिषद् द्वारा समिति के प्रयासो की सराहना की गयी।

मद सं0 17.12 **विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में विभिन्न प्रकरण की तैयारियों / व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में विभिन्न प्रकरण की तैयारियों / व्यवस्था किये जाने का संज्ञान लिया। साथ ही विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के छात्रों को पदक वितरण सम्बन्धी शैक्षिक सत्र 2019–20 के बी0टेक0 अध्यादेश के बिन्दु सं0 12.06बी0 को अतिक्रमित करते हुये बी0टेक0 की सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय उत्कृष्ट छात्रों को क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम में स्कूल के अनुसार उत्तीर्ण छात्रों में उत्कृष्ट छात्रों को निम्नवत विवरण कि अनुसार वर्तमान सत्र (पंचम् दीक्षान्त समारोह) से ही पदक प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गयाः

| क्रम सं0 | स्कूल के अनुसार उत्तीर्ण छात्रों की संख्या<br>**SoE/SoCT/SoBAS/SoE&M** | उत्कृष्ट छात्रों की संख्या | पदक की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 60 | 03 | 03 (स्वर्ण + रजत + कांस्य) |
| 2. | 40 | 02 | 02 (स्वर्ण + रजत) |
| 3. | 20 | 01 | 01 (स्वर्ण) |

| | |
|---|---|
| मद सं0 17.13 | **विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में बी0टेक0 (2019–20), एम0टेक0 (2021–22), एम0सी0ए0 (2021–22) एम0एस0सी0 (2021–22) एम0बी0ए0 (2021–22) एवं पी0एच0डी0 के उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान किये जाने पर परिषद् के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।** |

परिषद् ने विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह में बी0टेक0 (2019–20), एम0टेक0 (2021–22), एम0सी0ए0 (2021–22) एम0एस0सी0 (2021–22) एम0बी0ए0 (2021–22) एवं पी0एच0डी0 के उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान किये जाने पर परिषद् के अनुमोदन प्रदान किया गया। उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या में वृद्धि हेतु अध्यक्ष विधा परिषद् एवं मा0 कुलपति को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया गया।

| | |
|---|---|
| मद सं0 17.14 | **शैक्षिक सत्र 2023–24 से विश्वविद्यालय में विदेशी / अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश लिये जाने के सम्बन्ध में।** |

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 से विश्वविद्यालय में विदेशी / अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश लिये जाने पर परिषद् ने प्रवेश के दिशा–निर्देश को पुनः संशोधित कर इसी वर्ष प्रवेश लिये जाने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिये।

| | |
|---|---|
| मद सं0 17.15 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।** |
| मद सं0 17.15.01 | **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत बी0टेक0 पाठ्यक्रम में बी0टेक0 (आनर्स) एवं Minor Degree के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।** |

परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत बी0टेक0 पाठ्यक्रम में बी0टेक0 (आनर्स) एवं Minor Degree के कार्यान्वयन पर अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

18.09.2023

(डा0 आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं
सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्